दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



स्वस्थ खुशहाल जीवन जीना सिखाती है बागवानी...
हार मानने से पहले फिर से करें विचार...
वर्ष : 09 | अंक : 244 | लखनऊ, 07 अगस्त, सोमवार 2023 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 33.c
न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**
सोना 6304/ g
चांदी 77.50/ g
सेंसेक्स 66,060.90
निफ्टी 19,564.50

# पीएम मोदी ने किया अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन

## देश के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प, विपक्ष पर भी तंज कसा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली**, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन रिमोट के जरिए किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम में देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा के कई वरिष्ठ और दिग्गज नेता भी मौजूद थे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, स्वीडन, यूके जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है भारत ने अकेले 9 साल में रेल ट्रैक बनाए गए है। भारत का लक्ष्य है कि रेलवे और सुलभ और सुखद बनाई जाए। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए अच्छे वेटिंग रूमों का निर्माण हो रहा है। हजारों स्टेशनों पर मुफ्त इंटरनेट भी उपलब्ध होगा।

### विपक्ष पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। विपक्ष ने संसद भवन की नई इमारत का विरोध किया। शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल का निर्माण नहीं करवाया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जाने पर भी विपक्ष को आपत्ती है। सरदार पटेल को विपक्ष नमन नहीं करता है। वो ना ही काम करेंगे और ना ही करने देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ भारत कदम बढ़ा रहा है। भारत वर्तमान में अपने अमृतकाल में है। अभी नए



अध्याय की शुरूआत हो रही है, जिसे लिखा जा रहा है। भारत में 1300 रेलवे स्टेशनों में से 508 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन के तहत पुनर्विकास किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 30 वर्षों ये पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। दुनिया में भारत की साख मजबूत हो रही है। उन्होंने रेल मंत्रालय का जिक्र करते हुए कहा कि ऐतिहासि कदम के लिए रेल मंत्रालय की सराहना करता हूं। सभी देश वासियों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत को देख रही है। भारत की वैश्विक स्तर पर साख भी बढ़ी है। भारत के प्रति दुनिया का रवैया बदला है, जिसमें भारत के लोगों ने तीन दशक बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। शहर के रेलवे स्टेशन भी शहर की पहचान से संबंधित होते है। स्टेशनों पर पहुंचकर ही शहर की पहली तस्वीर दिखती है, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी, उनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 55-55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात एवं तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु के 18-18, हरियाणा के 15 व कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल हैं।

# 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण की योजना भारतीय रेलवे के इतिहास में स्वर्णिम दिनअनुराग ठाकुर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली**, आज एक ऐतिहासिक कदम में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित, ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34 स्टेशन शामिल हैं। असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 और अन्य।

हिमाचल प्रदेश के अन्दौरा रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, जो काम पिछले 60 वर्षों में नहीं हुआ, मोदी सरकार ने 9 वर्षों में करके दिखाया है। हिमाचल में रेलवे की अनेकों सौगात आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के देवभूमि के प्रति विशेष स्नेह का परिचायक है।≥ भारतीय रेलवे के इतिहास में आज के दिन को स्वर्णिम बताते हुए ठाकुर ने कहा, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के अंदौरा रेलवे स्टेशन का 22 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास हो रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

### देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 47 नये मामले सामने आये

नयी दिल्ली। देश में एक दिन में कोविड-19 के 47 नये मामले सामने आये। इसी के साथ देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,552 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 4,49,95,980 हो गई है जबकि मृतक संख्या 5,31,918 है। देश में कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,62,510 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार भारत में देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

### विपक्ष इंडियाकी तीसरी बैठक होगी 31 अगस्त-एक सितंबर को मुंबई में

**नई दिल्ली**, विपक्ष के गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक 31 अगस्त-एक सितंबर को मुंबई में होगी जिसमें कांग्रेस से सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी एवं कम से कम पांच राज्यों के मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के वरिष्ठ नेताओं ने यहां बताया कि एमवीए नेताओं ने इस आगामी सम्मेलन की रूपरेखा की योजना बनाने के लिए शनिवार को यहां बैठक की। शिवसेना का उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाला गुट उसकी मेजबानी करेगा। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि इंडिया सहयोगियों की आगामी बैठक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्ध पर उच्चतम न्यायालय के स्थगन के कारण काफी अहम है। एमवीए नेताओं ने बताया कि इस आगामी बैठक में इंडिया( इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के सदस्य देश के समक्ष मौजूद विभिन्न मुद्दों तथा केंद्र सरकार की भूमिका पर चर्चा करेंगे।

शनिवार की एमवीए की बैठक में हिस्सा लेने वाले विपक्षी नेताओं में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार, उनकी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगी सुभाष देसाई एवं राउत, कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री- पृथ्वीराज चव्हाण एवं अशोक चव्हाण, कांग्रेस विधायक दल प्रमुख बालासाहब थोराट, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले शामिल थे। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बताया कि मुंबई के उपनगरीय क्षेत्र स्थित ग्रांड हयात होटल में 31 अगस्त की शाम को बैठक होगी, जबकि अगले दिन सुबह 10 बजे से ही बैठक शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन होगा। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे यहां बैठक में शामिल हो रहे पांच मुख्यमंत्रियों समेत विपक्षी नेताओं को 31 अगस्त को रात्रिभोज देंगे।

# अलीगढ़ के एक कारीगर ने राम मंदिर के लिए चार क्विंटल का ताला बनाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली**, अलीगढ़ के एक कारीगर ने अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर के लिए चार क्विंटल का ताला बनाया है। अगले साल जनवरी में भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खुलने की उम्मीद है। भगवान राम के एक उत्साही भक्त और ताला बनाने वाले कारीगर सत्य प्रकाश शर्मा ने दुनिया का सबसे बड़ा हस्तनिर्मित ताला तैयार करने के लिए महीनों तक मेहनत की, जिसे वह इस साल के अंत में राम मंदिर प्रबंधन को उपहार में देने की योजना बना रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि उन्हें बड़ी संख्या में भक्तों से प्रसाद मिल रहा है और उन्हें यह देखना होगा कि ताले का उपयोग कहां किया जा सकता है। ताला कारीगर शर्मा ने कहा कि उनके पूर्वज एक सदी से भी अधिक समय से हस्तनिर्मित ताला बनाते आ रहे हैं। वह 45 वर्षों से अधिक समय से ताला नगरी अलीगढ़ में तालों को पीटने और चमकाने का काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा, उन्होंने राम मंदिर को ध्यान में रखते हुए चार फीट की चाबी से खुलने वाला विशाल ताला बनाया, जो 10 फीट ऊंचा, 4.5 फीट चौड़ा और 9.5 इंच मोटा है। इस ताले को इस साल की शुरूआत में अलीगढ़ वार्षिक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था और अब शर्मा, इसमें मामूली संशोधन करने और सजावट में व्यस्त हैं।

# शिक्षित महिलाएं अर्थव्यवस्था और समाज में बड़ा योगदान दे सकती हैं : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली**, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि शिक्षित महिलाएं ना केवल अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे सकती हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। मुर्मू ने यहां मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस तथ्य पर प्रसन्नता जताई कि इस समय लगभग 1.85 लाख विद्यार्थी विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ रहे हैं और उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि आज स्वर्ण पदक



प्राप्त करने वाले 105 विद्यार्थियों में से 70 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा, मद्रास विश्वविद्यालय लैंगिक समानता का एक ज्वलंत उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम लड़कियों की शिक्षा में निवेश करके अपने देश की प्रगति में निवेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाएं अर्थव्यवस्था में अधिक योगदान दे सकती हैं, विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व कर सकती हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं मुर्मू ने स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र सभ्यता और संस्कृति का उद्गम स्थल रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि 1857 में स्थापित यह विश्वविद्यालय देश के सर्वाधिक पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा, यह गर्व की बात है कि छह पूर्व राष्ट्रपति इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं जिनमें एस राधाकृष्णन, वीवी गिरि, नीलम संजीव रेड्डी, आर वेंकटरमन, के आर नारायणन और ए पी जे अब्दुल कलाम शामिल हैं। देश के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ीं प्रतिष्ठित महिलाएं सरोजिनी नायडू और दुर्गाबाई देशमुख, नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी वी रमन।

एस चंद्रशेखर, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम पतंजलि शास्त्री और न्यायमूर्ति के सुब्बाराव भी कभी मद्रास विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने कहा, तिरुक्कुरल सदियों से हम सभी का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि भक्ति काव्य की महान परंपरा तमिलनाडु से शुरू हुई और भ्रमण करने वाले संत इसे देश के उत्तरी हिस्से में लेकर गए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मंदिरों की वास्तुकला और उनकी मूर्तियां मानवीय उत्कृष्टता को दर्शाती हैं। इससे पहले मुर्मू को राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# शाह ने ओडिशा प्रदेश भाजपा के नेताओं से कहा: बीजद सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली**, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के नेताओं के साथ बंद कमरे में शनिवार को बैठक की और उनसे राज्य में नवीन पटनायक सरकार के भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को उजागर करने का आग्रह किया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले शाह ने लगातार पांच बार राज्य का मुख्यमंत्री बनने के लिए पटनायक की सराहना की थी।



दिलचस्प है कि शाह की ओर से भाजपा नेताओं से की गई अपील से कुछ दिन पहले ही पटनायक की बीजू जनता दल (बीजद) ने ऐलान किया था कि वह दिल्ली सेवा अध्यादेश का स्थान लेने के लिए लाए गए विधेयक का संसद में समर्थन करेगी और केंद्र में राजग सरकार के खिलाफ विभिन्न दलों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करेगी।

ओडिशा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि गृह मंत्री ने ओडिशा के भाजपा नेताओं से बूथ स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत करने और राज्य सरकार में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शाह ने पार्टी नेताओं को स्थानीय मुद्दों को उठाने और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उनसे जुड़े रहने की भी सलाह दी। सामल ने कहा कि राज्य के भाजपा नेताओं से लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि शाह ने उन्हें यह भी बताया कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक आंदोलन कैसे शुरू किया जाए। वहां लोक सेवा भवन में पटनायक के साथ आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद, शाह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ दोपहर का भोजन किया। बाद में, उन्होंने पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों और प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बंद कमरे में बैठकें कीं।

# ज्ञानवापी परिसर में तीसरे दिन भी शाम पांच बजे तक चला सर्वे

### मुस्लिम पक्ष ने फिर दी बहिष्कार की चेतावनी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने रविवार को तीसरे दिन ज्ञानवापी परिसर में पुरातात्विक सर्वेक्षण का काम शुरू किया, जो शाम पांच बजे तक चला। शासकीय अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने रविवार शाम यह जानकारी दी। इस बीच, मुस्लिम पक्ष ने सर्वेक्षण को लेकर झूठी खबरें प्रसारित किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रक्रिया से अलग होने की चेतावनी दी। सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने बताया, एएसआई ने रविवार को लगातार तीसरे दिन सर्वेक्षण कार्य शुरू किया। सर्वेक्षण टीम सुबह आठ बजे ज्ञानवापी परिसर में दाखिल हुई। सर्वेक्षण का काम शाम पांच बजे तक चला। दोपहर में दो घंटे तक भोजन के लिए सर्वेक्षण का कार्य रोका गया था। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि रविवार को तीनों गुम्बदों के नीचे वैज्ञानिक परीक्षण किया गया। वहां पर फोटोग्राफी, मानचित्रण और मापन का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि तीन तहखानों की सफाई करा दी गयी है, व्यास जी के तहखाने का भी सर्वेक्षण किया गया है।

# सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच दूसरे दिन भी मुठभेड़, लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की सलाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के एक गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रविवार सुबह दूसरे दिन भी मुठभेड़ जारी है। पुलिस ने आम जनता को घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर रहने की सलाह दी है। जम्मू में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि माना जा रहा है कि गांव में दो से तीन आतंकवादी छिपे हैं और रातभर गोलीबारी करके उनके भागने के सभी प्रयासों को विफल कर दिया गया है। राजौरी के बुद्धल इलाके के गुंधा-खवास गांव में शनिवार को सेना और पुलिस ने घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया था और इसी दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि ताजा जानकारी मिलने तक मुठभेड़ जारी थी।



उन्होंने बताया कि अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती करके आतंकवादियों के बच निकलने के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं और उन्हें ठिकाने लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी के मुताबिक, आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर यह अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों की एक छोटी टीम ने तलाश अभियान शुरू किया था और बाद में सेना एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी इसमें शामिल हो गए। अधिकारी के अनुसार, मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी का शव अभी बरामद नहीं हुआ है। लेफ्टिनेंट कर्नल बर्तवाल ने कहा, आतंकवादियों का सुराग मिलने पर सेना के जवान क्षेत्र में आगे बढ़े और उन्हें घेर लिया। माना जा रहा है कि क्षेत्र में दो से तीन आतंकवादी मौजूद हैं। राष्ट्रीय राइफल्स के अतिरिक्त बल को इलाके में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से विशेष बलों को क्षेत्र में लाया गया, जबकि रात में अभियान को अंजाम देने में सक्षम क्वाडकॉप्टर, मानव रहित विमानों और खोजी कुत्तों को भी शामिल किया गया।

# 'चंद्रयान 3' भारत की अंतरिक्ष यात्रा में लिखता नया अध्याय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली**, भारत का महत्वाकांक्षी मून मिशन 'चंद्रयान-3' लगातार सफलता की सीढ़ियों को पार करते हुए अपने मिशन की ओर आगे बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के मुताबिक पांच अगस्त को 'चंद्रयान-3' सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है। ये भारत का तीसरा चंद्रयान मिशन है जिसे चंद्रमा पर भेजा गया है। चंद्रमा के रहस्यों को जानने की दिशा में भारत लगातार कोशिशें कर रहा है। इस सतह का बार बार अवलोकन करने वाले दो रोबोटिक अंतरिक्षयान भेजकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। भारत वर्ष 2008 में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने वाला चौथा देश बना है।

इसके बाद 2009 में चंद्रयान 1 ने चंद्रमा पर पानी की खोज की है। चंद्रयान 2 मिशन का मिशन का ऑर्बिटर पिछले चार वर्षों से लगातार काम कर रहा है। वहीं अब 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से चंद्रयान 3 की



सफलतम उड़ान से पूरा भारत गौरवान्वित है। अंतरिक्ष की फील्ड में अब चंद्रयान 3 ने नई गाथा लिखी है। इसी के साथ भारत का चंद्रयान 3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग कर दुनिया के पहले मिशन के तौर पर इतिहास रचने को भी तैयार है।

बता दें कि 14 जुलाई को दोपहर 2:35 मिनट पर एलएमवी 3 एम 4 रॉकेट ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी थी, जिसके बाद चंद्रयान 3 को सफलता के साथ प्रक्षेपित किया गया था। इस उड़ान के साथ ही चंद्रयान 3 अपनी ऐतिहासिक यात्रा पर भी निकल चुका था जहां उसे इतिहास रचना है। इस लॉन्च के बाद इसरो ने कहा कि अंतिरक्ष यान की स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। वहीं चंद्रयान 3 की सफलतम लॉन्च के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों के अथक समर्पण की सराहना की और कहा कि चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है। यह हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं उनकी भावना और प्रतिभा का अभिनंदन करता हूं। 3,00,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए, यह चंद्रमा पर पहुंचेगा। चंद्रयान पर मौजूद वैज्ञानिक उपकरण चंद्रमा की सतह का अध्ययन करेंगे और हमारे ज्ञान को बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का इतिहास बहुत समृद्ध है। चंद्रयान 1 को वैश्विक चंद्र मिशनों में एक पथ प्रदर्शक माना जाता है क्योंकि इसने चंद्रमा पर जल के अणुओं की उपस्थिति की पुष्टि की है। यह दुनिया भर के 200 से अधिक वैज्ञानिक प्रकाशनों में प्रकाशित हुआ।

बता दें कि चंद्रयान 3 मिशन भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो कि देश की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाने का काम करेगा। बता दें कि चंद्रमा पर अब तक अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही उतर सके है। भारत ने अगर दक्षिणी ध्रुव पर उतरने में सफलता हासिल की तो ये इतिहास बन जाएगा। अब तक दक्षिणी ध्रुव पर कोई देश लैंड नहीं कर सका है।

Scanned by TapScanner

## संक्षेप

### दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नगराम-लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के शुकलवा गांव में विवाहिता रोली के दहेज हत्या के दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी सास- ससुर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। फरार पति को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।ज्ञात हो निगोहां के गरीब खेड़ा गांव निवासी कालीदीन ने तीन वर्ष पूर्व वह अपनी बेटी रोली (21) का विवाह नगराम के समेसी का मजरा शुकलवा गांव निवासी रामसिंह के बेटे राजकुमार के साथ किया था।विवाहिता रोली का शव बीते 29 जुलाई को ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला था।पिता ने पति राजकुमार, ससुर रामसिंह, सास रामदुलारी पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।प्रभारी निरीक्षक हेमन्त कुमार राघव ने बताया आरोपी ससुर रामसिंह व सास रामदुलारी को रविवार को देवीखेड़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### गंगा स्नान को गयी किशोरी सदिग्धं परिस्थितियों में हुयी लापता

**मोहनलालगंज-लखनऊ।** मोहनलालगंज के एक गांव निवासी भाई ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया 31जुलाई को उसकी 17वर्षीय बहन भूखन निवासी गोविंदपुर के परिवार के साथ उन्नाव के बक्सर में गंगा स्नान करने गयी थी,शाम को गंगा स्नान व मेला देखकर भूखन समेत उसका परिवार वापस घर आ गया लेकिन बहन वापस नही लौटी,जिस पर भूखन के घर जाकर छोटी बहन के बारे में पुछा तो बताया वो अपनी बड़ी बहन के घर गयी है,बड़ी बहन के यहा फोन करने पर पता चला वहा नही पहुंची है। जिसके बाद परिजनो के साथ काफी खोजबीन के बाद भी लापता बहन का पता नही चल सका है।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित भाई की तहरीर के आधार पर लापता बहन की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# भाजपा लखनऊ जिला का संगठन बहुत कमजोर

## नगर पंचायत तथा जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में कमजोरी हो चुकी है उजागर

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ जिला का संगठन जितना वर्तमान समय में कमजोर साबित हो रहा है वैसा संगठन पूर्व में कभी नहीं रहा है, पिछले नगर पंचायत चुनाव एवम जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में इसकी दयनीय स्थिति देखी जा चुकी है जिसमें भाजपा का प्रदर्शन अत्यंत निराशाजनक रहा है, वैसे भी जिला भाजपा में फर्जी पदाधिकारियों के बनाने के आरोप भी लगते रहे हैं।

भाजपा लखनऊ जिला का प्रदर्शन पिछले नगर पंचायत चुनाव में बहुत खराब साबित हुआ है लखनऊ जिले की 10 नगर पंचायत में से सात नगर पंचायतों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है भाजपा केवल तीन नगर पंचायत बहुत मुश्किल से जीत हासिल कर सकी है, इसमें भी भाजपा कार्यकताओं ने जिला संगठन द्वारा मनमानी से टिकट वितरण करने तथा टिकट वितरण करने में भ्रष्टाचार करने के आरोप लगे हैं, बताया जाता है कि नगर पंचायत बंथरा में जिस प्रत्यासी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया था वह कभी भाजपा में सदस्य तक नहीं रहा, तमाम कार्यकर्ताओ की उपेक्षा करके उसको प्रत्याशी बना दिया गया, जिसको प्रत्याशी बनाया गया था वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव की रिश्तेदार बताई जाती हैं, जिसके कारण भाजपा प्रत्याशी को करारी हार का सामना करना पड़ा।

**• जिलाध्यक्ष पर फर्जी पदाधिकारी बनाने के लग चुके हैं आरोप**

बताया जाता है कि कमजोर संगठन के कारण पूरे जिले में भाजपा 10 नगर पंचायतो में से केवल तीन सीटों पर कठिन मुकाबले में जीत हासिल कर सकी, वहीं सात सीटों पर बुरी तरह से पराजित हो गई। इसी प्रकार विगत जिला पंचायत चुनाव में लखनऊ जनपद की 25 सीटों में से भाजपा केवल तीन सदस्य जिता पाई थी, 22 सीटों पर भाजपा को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था, जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में भी संगठन की कमजोरी साबित हो चुकी है।

लखनऊ जनपद प्रदेश की राजधानी के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जनपद माना जाता है यहां की हार कहीं न कहीं उनके शिखर जैसे व्यक्तित्व पर भी सवालिया निशान लगा देता है, जिसके कारण जिला पंचायत सदस्य के चुनाव के उपरांत लखनऊ जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव जिताने की जिम्मेदारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह को सौंपी गई, विधायक पंकज सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने पहली बार लखनऊ जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर कब्जा किया।

इस चुनाव में विधायक पंकज सिंह का व्यक्तित्व और उनके संबंधों के बदौलत ही भाजपा विजय सुनिश्चित कर सकी थी इसमें भाजपा लखनऊ जिला का संगठन का कोई योगदान नहीं था। बताया जाता है कि भाजपा लखनऊ जिले के प्रमुख का एक ही सजातीय जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुआ था उस सदस्य को भी भाजपा जिला प्रमुख अपने पक्ष में नहीं ला सके थे उस जिला पंचायत सदस्य ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था।

भाजपा जिला संगठन में फर्जी पदाधिकारी बनाए जाने के आरोप भी लगते रहे हैं जिसके कारण कई बार भाजपा के वरिष्ठ और कनिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं को असहज स्थितियों का सामना भी करना पड़ा।

वैसे वर्तमान समय में भाजपा लखनऊ जिले का संगठन अत्यंत कमजोर साबित हो रहा है यदि भाजपा लखनऊ जिला संगठन को पुनर्गठित करके मजबूती नहीं प्रदान की गई तो आगामी लोकसभा चुनाव में इसके विपरीत परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की फांसी पर लटक कर मौत

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में शनिवार रात एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि हमीरपुर जिले की रहने वाली सुशीला (29) सरोजनीनगर के गंगानगर में किराए के मकान में दूसरी मंजिल पर अपनी कई अन्य युवती कर्मचारियों के साथ रहकर भूतल पर स्थित बंधन बैंक में कलेक्शन एजेंट की नौकरी करती थी। सभी लोग एक साथ हाल में सोते थे, जबकि बगल में ही एक कमरा खाली पड़ा रहता है। शनिवार रात सभी खाना खाने के बाद हाल में सो गए। सुबह अन्य महिला कर्मचारियों ने उठकर देखा तो सुशीला वहाँ नहीं थी। बाद में कमरा देखा तो उसका अंदर से दरवाजा बंद मिला। खिड़की से झांक कर देखा तो सुशीला पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे मृत अवस्था में लटकी मिली। इस पर महिला कर्मचारियों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं खुला। जिसके बाद कर्मचारियों ने शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। बाद में इसकी सूचना सुशीला के परिजनों के अलावा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सुशीला के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और उसने यह कदम क्यों उठाया? इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से नाराज परिजनो व ग्रामीणो ने थाने पर जोरदार प्रदर्शन किया



**साढे तीन घंटे तक चला प्रदर्शन**
**एडीसीपी के आरोपियों पर कार्यवाही के आश्वासन के बाद हुआ समाप्त**

अमन लेखनी समाचार

**नगराम-लखनऊ।** नगराम के अचंलीखेड़ा गांव में मजदूर परवेश(35वर्ष) की पिटाई से मौत के बाद गैर इराद ?न हत्या समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज करने के आठ दिन बाद भी चारो आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से नाराज पीड़ित पत्नी गीता ने राष्ट्रीय कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनोद रावत व सुहेलदेव आर्मी के योगेश पासी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणो संग रविवार को नगराम थाने पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस दौरान प्रदर्शन कर रहे परिजन व ग्रामीण आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी पर अड़ गये ओर इंस्पेक्टर समेत एसीपी से बात करने से इंकार कर दिया।थाने पर धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीसीपी दक्षिणी शंशाक सिंह ने एसीपी नितिन सिंह व इंस्पेक्टर हेमन्त कुमार राघव की मौजूदगी में पीड़ित पत्नी गीता समेत ग्रामीणो से वार्ता कर गैर इराद ?न हत्या समेत अन्य धाराओ में दर्ज मुकदमें में वादिनी के बयान के बाद सात दिन के अंदर जांच पुरी कर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया,तब जाकर प्रदर्शन कर रहे परिजनो व ग्रामीणो का आक्रोश शांत हुआ तब जाकर साढे तीन घंटे बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## विद्या भारती उच्च शिक्षा की नवीन कार्यकारिणी का गठन

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान



**लखनऊ,** सरोजनीनगर, उच्च शिक्षा संस्थान अवध प्रांत की नवीन कार्यकारिणी का गठन रविवार को बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप आफ कॉलेज में किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 3 वर्ष पूर्ण होने पर उच्च शिक्षा की पाठ्यचर्या में भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुशीलन पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो-वाइस चांसलर एवं यूजीसी के सदस्य प्रो० किरण हजारिका ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती शिक्षा संस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा विगत वर्षों के अथक परिश्रम के उपरांत स्कूली शिक्षा की पाठ्यचर्या के लिए फ्रेमवर्क आ चुका है, जबकि आगामी समय में उच्च शिक्षा की पाठ्यचर्या को तैयार किया जा रहा है। प्रो. हजारिका ने नवीन कार्यकारिणी से कहा कि सभी अपनी अकादमिक गतिविधियों के माध्यम से उच्च शिक्षा के संदर्भ में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संयोजक प्रोफेसर जय शंकर पांडे ने इस अवसर पर पंचकोश की अवधारणा को बताते हुए सभी शिक्षकों से उसके अनुरूप शिक्षण कार्य करने की अपील की। प्रो० ए पी तिवारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में अर्थशास्त्र विषय की पाठ्यचर्या के संदर्भ में विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ सुभाष मिश्रा ने कहा कि हमारी ज्ञान परम्परा ने पूरी दुनिया के उत्थान हेतु अपना योगदान दिया है और आज आवश्यकता है कि हम पश्चिम का अनुकरण करने की बजाय अपनी प्राचीन परंपराओं से प्रेरणा लें।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रान्त सचिव डॉ मञ्जुल त्रिवेदी ने विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के विगत वर्ष के कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि अवध प्रान्त ने विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में अनेक महत्वपूर्ण आयोजन किये। नवनियुक्त प्रान्त अध्यक्ष प्रो० आर आर सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम परा एवं अपरा विद्या को पाठ्यक्रम में स्थान देते हुए भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नयन की ओर कदम बढ़ाएं।

नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में प्रो० रजनी रंजन सिंह, सचिव डॉ मञ्जुल त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष डॉ सशक्त सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुभाष मिश्र, डॉ शीर्षेन्दु शील त्रिवेदी तथा प्रो० सुनीता कुमार की नियुक्ति की गई। सह-सचिव डॉ मनीष गौरव तथा प्रान्त कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ बृज मोहन, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ सुजीत चतुर्वेदी, डॉ अदित्याभा सिंह, डॉ नेहा जैन, डॉ ऐश्वर्या सिंह को दायित्व प्रदान किया गया।

## 33 हजार तार टूटने से निगोहा के 80 गांवों की बिजली छः घंटे रही गुल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ-निगोहां।** कहने को तो निगोहां इलाके के बिजली उपभोक्ता लखनऊ जिले में रहते है पर बिजली पड़ोसी जिले रायबरेली से मिलती है। तब जाकर निगोहा के 80 गांवों के घरों में बिजली जल रही है।लंबी लाइन होने की वजह से आये दिन 33 हजार लाइन में फाल्ट हो जाती जिसके चलते बिना बिजली के घण्टो रहना पड़ता है।रविवार को भी फाल्ट होने के चलते उपभोक्ताओं को छः घण्टे बिना बिजली के बिताने पड़े।

उपभोक्ता उमेश कुमार, पुपुन तिवारी, निगोहा ग्राम प्रधान अभयकांत दीक्षित बताते है कि वैसे तो हम लोग लखनऊ जिले के निवासी है और हर काम लखनऊ जिले में होते है पर बिजली के मामले में हम लोग रायबरेली के माने जाते है।क्योंकि निगोहा पावर हाउस को बिजली रायबरेली से मिलती है तब जाकर यहां से निगोहा वासियो को बिजली मिलती है प्रधान अभय ने बताया जब निगोहा में पावर हाउस का निर्माण हुआ तो यहां से रायबरेली तक जो लाइन तैयार की गई उसमे कुछ लापरवाही और जल्दबाजी की गई जिसके चलते 33 हजार लाइन में आये दिन फाल्ट आ जाता है जिसका खामियाजा आये दिन निगोहा के उपभोक्ताओं को भोगना पड़ता है।जेई आशुतोष ने बताया कि 33 हजार का तार रायबरेली के बछरांवा के पास टूटने से करीब 2 बजे बिजली चली गई थी फाल्ट तलाशने में कुछ समय लग गया और फाल्ट मिलने पर तार जोड़कर शाम करीब 7 बजे बिजली बहाल करा दी गई है।

### सेकेंड सोर्स से बिजली देने का काम ढंढे बस्ते में.......

निगोहा ग्राम प्रधान अभयकांत दीक्षित ने बताया सेकेंड सोर्स से बिजली देने के लिये कई बार अधिकारियों से मांग की गई और अधिकारियों ने आश्वासन भी दिया पर आज तक इसका काम शुरू नही किया गया।इसके बारे में जेई आशुतोष ने बताया सेकेंड सोर्स से बिजली देने के लिये इस्टीमेट काफी दिन पहले भेजा जा चुका है।और कई बार ग्रामीणों के विरोध पर पत्र भी अधिकारियों को लिखा जा चुका है।

## अराजकतत्वों ने मंदिर में स्थापित मूर्तियां तोड़ी, ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** अराजकतत्वों ने बीती रात सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की नीयत से 15 वर्ष पुराने एक मंदिर में रखी देवी, देवताओं की मूर्तियां तोड़ दी। इसकी खबर सुबह जैसे ही लोगों को लगी सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पाकर रहीमाबाद, मलिहाबाद थानों की पुलिस सहित एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह ने मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी अंकित कुमार सिंह के अनुसार उनके बाबा के द्वारा गांव से करीब 500 मीटर दूरी पर अटौरा गांव के निकट भगवान श्री सीताराम का मंदिर स्थित है, जिसे करीब पन्द्रह वर्ष पूर्व बनवाया था। मंदिर में प्रभु श्री राम, माता सीता, व लक्ष्मण जी की मूर्ति को शनिवार देर रात अज्ञात अराजक तत्वों ने देवी देवताओं की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर मंदिर के पास खड़ी झाड़ियों में फेंक दिया गया। जिसकी जानकारी सुबह तब हो सकी, जब श्रद्धालु पूजन अर्चन के लिए पहुंचे। जानकारी होते ही क्षेत्रवासियों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक पारसनाथ यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर अराजक तत्वों का पता लगाया जा रहा है।

# लेखपाल सुनील सिंह ने गलत रिपोर्ट लगाकर सरकार को लगाया 55 लाख रुपए का चूना

## राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ कानपुर में मुआवजे को लेकर लेखपाल कर रहा है खूब घालमेल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ जनपद के सरोजनी नगर तहसील अंतर्गत ग्राम बनी में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजे में लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा चुका है जबकि वास्तविक लोग अभी भी मुहावरे को लेकर बाट जोह रहे हैं।

भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस ड्रीम प्रोजेक्ट में सरोजनी नगर तहसील के कर्मचारी खूब घालमेल करके सरकार को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं यही नहीं इसमें किसानों के साथ भी खूब लूटपाट की जा रही है, किसान कई बार इसकी शिकायत भी अधिकारियों उसके पास पहुंचा चुके हैं लेकिन तहसील स्तर के अधिकारी किसानों की बातों को अनसुना करके उनका उत्पीड़न कर रहे हैं जिससे किसानों को अभी तक उनकी भूमिका मुआवजा नहीं मिल सका है वही लेखपाल किसानों का उत्पीड़न करके खूब उगाही कर रहा है लेखपाल सुनील सिंह के विषय में किसानों ने बताया कि यह लेखपाल वरासत दर्ज करने के लिए 50-50 हजार रुपए मांगते हैं बगैर रुपया लिए वरासत भी नहीं दर्ज करते हैं जिससे किसान बहुत परेशान है।

बताया जाता है कि ग्राम बनी है के गाटा संख्या 547 के किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं प्राप्त हुआ है लेकिन उसमें कई लोगों ने अपने फर्जी निर्माण कार्य दिखाकर मुआवजा प्राप्त करने का प्रयास किया जिस पर किसानों ने ऐतराज व्यक्त किया जिसके कारण दूसरे नाम से गाटा संख्या 549 के नाम पर लेखपाल ने गलत रिपोर्ट लगाकर 55 लाख रुपए का मुआवजा दिला दिया जिससे सरकार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है लेकिन स्थानीय लेखपाल सरकार को चूना लगाकर बंदरबांट कर रहे हैं।

किसानों ने बताया की गाटा संख्या 549 पर किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं है लेकिन फिर भी कि लेखपाल ने झूठी रिपोर्ट लगाकर 55 लाख रुपए का मुआवजा वितरित करा दिया। जिसके कारण सरकार को भारी नुकसान पहुंचा है।

लोगों ने बताया कि केवल गाटा संख्या 547 ही नहीं कई अन्य किसानों को अभी तक लेखपाल की हठधर्मी और अवैध वसूली के कारण अभी तक मुआवजा नहीं मिल सका है किसानों ने बताया कि यदि 15 दिन में हम सभी लोगों का मुआवजा नहीं दिया गया तो सभी किसान तहसील मुख्यालय पर धरने पर बैठेंगे।

## घर में विस्फोट के बाद कमरे व शौचालय की छत के उड़े परखच्चे

अमन लेखनी समाचार



**नगराम-लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के हरदोईया बाजार में स्थित एक घर में रविवार की दोपहर तेज आवाज के साथ विस्फोट हो गया।धमाका इतना तेज था कि घर के कमरे व शौचालय की छत के परखच्चे उड़ गये,धमाके बाद करीब एक किलोमीटर दूर तक आसमान में काले धुएं का गुब्बार फैल गया और आस-पास के घरो की दीवारो में दरारे आ गयी।पड़ोसियो ने आरोप लगाते हुये बताया दीपावली में केवल तीन दिनो तक पटाखा बिक्री का लाइसेंस होने के बाद भी अवैध रूप से बड़ी संख्या में घर में पटाखो का स्टाक रखा होने के चलते विस्फोट हुआ है। सूचना के बाद इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की।बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।हालाकि स्थानीय पुलिस ने आकाशीय बिजली घर में गिरने से विस्फोट होने की बात कही हैं।बम निरोधक दस्ते ने भी देर शाम पहुंचकर गहनता से जांच पड़ताल की है।डीसीपी विनीत जायसवाल ने बताया स्थानीय पुलिस की जांच में आकाशीय बिजली घर पर गिरने से विस्फोट होने की बात जांच में निकलकर सामने आयी है।फिर भी बम निरोधक दस्ते को मौके पर जांच के लिये भेजा गया था,टीम की रिपोट आने के बाद विस्फोट का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# भ्रांतियों के चलते बच्चे को पर्याप्त स्तनपान नहीं कराती महिलाएं

**गर्भधारण के समय से ही स्तनपान व उसके लाभों की जानकारी देने की जरूरत**
**- अभियानों और कार्यक्रमों से महिलाओं में आ रही जागरूकता**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण(एनएफएचएस-4) जो कि साल 2015-16 में किया गया था, के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में शून्य से छह माह की आयु के 41.9 फीसद बच्चों ने छह माह तक केवल स्तनपान किया है जबकि एनएफएचएस-5 जो कि साल 2019-21 में किया गया था, में यह संख्या बढ़कर लगभग 60 फीसद पहुंच गई है। यह आंकड़े बताते हैं कि समय-समय पर चलने वाले अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों से महिलाएं स्तनपान को लेकर जागरूक हुई हैं। हालांकि अभी भी 40 फीसद बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने जन्म के बाद छह माह तक केवल स्तनपान नहीं किया है। स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए हर साल एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

रायबरेली सतॉव क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता उषा सिंह और लखनऊ के मलिहाबाद ब्लॉक के पुरवा गाँव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नविता का कहना है कि 10 में से लगभग दो धात्री महिलाएं अपने बच्चों को छह माह तक केवल स्तनपान नहीं कराती हैं। केवल स्तनपान न कराने के कारण महिलाएं बताती हैं कि उन्हें दूध नहीं हो रहा है या बच्चा भूखा रह जाता है।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डा. सुजाता देव बताती हैं कि पिछले 20 वर्ष के डाटा बेस से पता चला है कि स्तनपान न कराने का एक प्रमुख कारण यह है कि महिला मान लेती है कि उसे पर्याप्त दूध नहीं हो रहा है। ऐसे में वह अन्य चीजों से बच्चे का पेट भरने की कोशिश करती है। इसलिए जरूरी है कि मां को गर्भ धारण के समय से ही स्तनपान कराने और स्तनपान से बच्चे और मां को होने वाले लाभों के बारे में परामर्श देना चाहिए। उनका कहना है कि शोध बताते हैं कि प्रसव के बाद के शुरूआती महीनों में धात्री महिला द्वारा पर्याप्त दूध का न होना महसूस किया जाता है। इसके कई कारण पाए गए हैं। जिनमें स्तनपान देर से शुरू करना, स्तनपान कराने के तरीके की कम जानकारी, केवल स्तनपान के लाभों के बारे में सीमित जानकारी और फॉर्मूला फीड का भ्रामक प्रचार प्रमुख हैं।

डा. सुजाता का कहना है कि जन्म के एक घंटे के अंदर शिशु को मां का पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) अवश्य पिलाना चाहिए। यह दूध शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी पॉवर) को बढ़ाकर उसे संक्रामक रोगों से बचाता है। जन्म के तुरंत बाद मां को बच्चे को सीने से चिपका कर रखना चाहिए, हर दो घंटे बाद और बच्चे के रोने पर स्तनपान कराना चाहिए। वह बताती हैं कि सामान्यतया मां को 24 घंटे में कम से कम 10 से 12 बार बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए। इसके अलावा एक स्तन से कम से कम 10 से 15 मिनट तक दूध पिलाना चाहिए। इसके साथ ही स्तनपान कराते समय निप्पल और ऐरिओला बच्चे के मुंह में जाना चाहिए। यदि बच्चा 24 घंटे में 10 से 12 बार पेशाब करता है, अच्छी नींद लेता है और सुस्त नहीं है तो इसका मतलब है कि बच्चे का पेट भरा हुआ है। मां को पर्याप्त दूध हो इसके लिए आवश्यक है कि वह प्रोटीन युक्त आहार, हरी सब्जियां, फल, अधिक मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करे। इसके साथ ही हर दो घंटे पर बच्चे को छाती से लगाना चाहिए ताकि स्तनों से दूध आसानी से उतरे।

## पारा में युवती का पर्स छीनकर बाइक सवार बदमाश फरार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कोतवाली पारा क्षेत्र में बाइक सवार युवकों ने बुद्धेश्वर से घर जा रही युवती से अचानक पर्स खींचकर मौके से फरार हो गए। महिला ने शोर मचाते हुए पीछा किया, लेकिन तब तक बाइक सवार बदमाश भाग निकले। पीड़िता पल्लवी सिंह के मुताबिक बक्शी का तालाब एयर फोर्स रोड नलकूप कालोनी निवासी पल्लवी सिंह रविवार को बहन को लेने आयी थी। और शाम को बुद्धेश्वर मंदिर में दर्शन करके ई रिक्शा में सवार होकर वापस घर जा रही थी। तभी रास्ते में अचानक भूहर पुल से पहले पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर पीड़िता के हाथ से मोबाइल व पर्स छीन लिया। जिसमे एक मोबाइल फोन व 7500 नकदी रुपये रखे थे। जिसे अज्ञात बदमाशों ने छीन कर बाइक से फरार्टा भरते हुए दुबग्गा की ओर भाग निकले। घटना के सम्बंध में पीड़िता ने पारा कोतवाली पर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## रालोद विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष से मिलकर सरकार को घेरने की बनाई रणनीति



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** विधानसभा के मानसून सत्र से एक दिन पहले राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर विचार विमर्श किया। यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने दी।


Scanned by TapScanner

## संक्षेप

### सिविल सर्विसेज का जिला स्तरीय चयन ट्रायल 19 अगस्त को

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रभारी क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेल के विकास तथा शारीरिक संवर्धन के उद्देश्य से 19 अगस्त 2023 को प्रातः 10:00 बजे से इन्दिरा गाँधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में वालीबाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एण्ड वेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटबाल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावरलिफटिंग, क्रिकेट व हाकी खेल हेतु जिला स्तरीय सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल का आयोजित किया गया है। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल में राज्याधीन विभागों के अधिकारी/कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं। आटोनोमस बाडी जैसे परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पंचायत व पुलिस विभाग के कर्मचारी (अध्यापक/सहायक अध्यापक आदि) भाग नहीं ले सकते हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु इच्छुक खिलाड़ी उचित माध्यम से निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर चयन/ट्रायल्स में सम्मिलित हो सकते हैं। मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल 25 व 26 अगस्त 2023 को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, गोण्डा में आयोजित होगा।

### अमेठी में सड़क पर तलवार से काटा केक

#### बाइक पर केक रखकर काटा, मचाया हुड़दंग, पुलिस युवकों की तलाश में जुटी

अमेठी जिला, प्रसाशन की लाख सख्ती और कार्यवाही के बावजूद युवको में तलवार से केक काटकर जश्न मनाने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। अमेठी से ऐसा ही मामला सामने आया है। अमेठी में बर्थडे पर केक काटने के लिए कुछ लड़के सड़क पर बाइक लगाकर उसपर केक रखकर काटते नजर आ रहे हैं। अब यही वीडियो उनके लिए गले की फांस बन गया है। पुलिस आरोपी युवकों की तलाश कर रही है। फिलहाल वायरल वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, ये पूरा मामला अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां बर्थडे पार्टी के दौरान कुछ युवक बीच सड़क पर सड़क जाम कर तलवार से केक काटते नजर आ रहे हैं ।वीडियो में युवक जश्न मना रहे हैं और उन्हें प्रशासन का कोई खौफ नहीं है ।इसका वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यही जन्मदिन उनके लिए जेल कांड का कारण बनता नजर आ रहा है। अब पुलिस युवकों की तलाश कर रही है। फिलहाल वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। पूरे मामले पर थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। वायरल वीडियो की जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में नजर आ रहे युवकों की तलाश की जा रही है।

# विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत जिला कार्य योजना बैठक रविवार को रहीमाबाद में संपन्न हुई। इसमें आगामी कार्ययोजना को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। हिंदू परिवार व्यवस्था पर हो रहे आक्रमणों, लव जिहाद, धर्मांतरण की घटनाओं को रोकने के लिए विश्व हिंदू परिषद ग्रामीण जिला कार्यध्यक्ष भूपेंद्र अर्कवंशी की तरफ से व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार की गई है। जिला कार्यध्यक्ष भूपेंद्र ने कहा आज पूरी दुनिया में हिंदू संस्कृति की जय कार हो रही है, हिंदू संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। परिषद की स्थापना के कार्यक्रम प्रत्येक गांव में मनाए जाएंगे। एक ही गांव, मोहल्ला, इससे वंचित नहीं रहेगा यह हम निष्ठावान कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। संपूर्ण हिंदू समाज को साथ लेकर संगठन की स्थापना से लेकर मोहल्ले स्तर तक सत्संग हिंदू समाज के सहयोग से चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

#### हिंदू समाज के सामने धर्मांतरण और लव जिहाद चुनौती

हिंदू जागरण मंच जिला सह संयोजक संतोष कुमार सिंह ने कहा हिंदू समाज के समक्ष बहुत बड़ी चुनौती धर्मांतरण एवं लव जिहाद है इसके लिए हम प्रत्येक गांव मोहल्लों तक संगठन की समिति को लेकर जाएंगे। समाज के बीच समाप्त हो रहे संस्कृति एवं संस्कारों के विषय में मातृशक्ति के सहयोग से जागरण का कार्यक्रम भी किया जाएगा। मुख्य वक्ता बृजेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि संगठन के 60 वर्ष पूर्ण होते तक लखनऊ प्रांत का ऐसा कोई गांव या मोहल्ला नहीं होगा जहां पर विश्व हिंदू परिषद की समिति ना हो। सेवा एवं प्रशिक्षण का केंद्र भी प्रत्येक गांव बस्ती तक पहुंचाने का योजना बैठक में हम सबको लक्ष्य लेना होगा। अब हमारे समाज को कोई भी प्रलोभन या छल से धर्मांतरण का खेल नहीं चला सकता है। इस मौके पर जिले के पालक चंद्रभान, गौ सेवा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य पूजा सिंह चौहान, जिला मंत्री राजेश, जिला उपाध्यक्ष बेचेलाल, महिला उपाध्यक्ष अन्नू सिंह, जिला सा मंत्री प्रमोद, जिला संयोजक सुशील, श्याम पांडेय, सुनील जायसवाल, अर्पित सोनी, अनूप सिंह, दुर्गा वाहिनी संयोजिका मोनी वर्मा, शशि गुप्ता सहित दर्जनों विश्व हिंदू परिषद महिला व पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमितेंद्र सिंह बने श्री राजपूत करणी सेना, लखनऊ मंडल अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, भारत का लखनऊ मंडल का अध्यक्ष मनोनीत होने पर अमितेंद्र सिंह को संगठन के लोगों ने बधाईयां देते हुये मिठाईयां बांटीं।

रविवार को श्री राजपूत करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने लखनऊ मंडल से सात जनपदों की कमान अमितेंद्र सिंह को श्री राजपूत करणी सेना भारत का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया। संगठन के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने अमितेंद्र सिंह को बधाई देते हुये पार्टी के संगठन को बढ़ाने के साथ ईमानदारी से कार्य करने की अपेक्षा की। अमितेंद्र सिंह को लखनऊ मंडल अध्यक्ष पद पर मनोनयन की खबर पाकर संगठन व अन्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुये संगठन कार्यालय पर जशन मनाते हुये मिठाईयां बांटीं। कार्यालय पर अपने मनोनयन के बाद उन्होंने ने कहा कि क्षत्रिय संगठन ने जो उन्हें पद सौंपा है वह अपने पद का ईमानदारी से निर्वहन करने के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना भारत प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सिंह सहित दर्जनों संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कमलनयन साहू बने आपवा के नानपारा तहसील अध्यक्ष

#### आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की तहसील कार्यकारिणी का हुआ गठन

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन आपवा की एक तहसील स्तरीय बैठक कस्बा बाबागंज स्थित न्यू मीडिया हाउस पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष परितोष वर्मा व संचालन जिला सचिव संतोष मिश्रा ने किया। बैठक मे विभिन्न बिंदुओं व मुद्दों पर चर्चा की गई तत्पश्चात सर्व सम्मति से तहसील नानपारा कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे पत्रकार कमल नयन साहू तहसील अध्यक्ष तो धीरेन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए। मीडिया प्रभारी मो नईम खां, संरक्षक कौशलेन्द्र पाण्डेय व अब्दुल कादिर खां बनाये गए। राजनारायन तिवारी, अखिलेश श्रीवास्तव व देवेश पाण्डेय को सचिव पद की जिम्मेदारी मिली। कोषाध्यक्ष के पद पर मुकेश कुमार गोयल मनोनीत किये गए। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तत्पश्चात आगामी माह मे संगठन का तहसील स्तरीय सम्मेलन कराये जाने की रुपरेखा पर चर्चा की गयी। इस मौके पर बैठक मे मुख्य रूप से जिला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष रजनीश रस्तोगी व संजय गुप्ता, विनोद गिरि, पंकज जायसवाल, अमित मदेशिया, प्रीत कुमार पाठक, अनिल वर्मा, बनारस गिरि, शोभाराम, दिनेश मिश्रा, सुनील कुमार सहित कई पत्रकार व संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक प्रतिनिधि ने कांवरियों के जत्थों पर बरसाया पुष्प

## कैलाशपुरी से जल भरकर बुढ़वा बाबा में जलाभिषेक करेंगे कांवरिया

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। सावन का पावन महीना शिव भक्तों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। तहसील मिहीपुरवा क्षेत्र के हजारों शिव भक्त कैलाशपुरी गिरिजापुरी बैराज से जल भरकर कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग जंगल होते हुए रविवार नगर पंचायत मिहीपुरवा पहुंचे। यह कांवरिया सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में रामपुर धोबिया हार में स्थित बाबा बुढ़ेश्वर नाथ धाम बुढ़वा बाबा मंदिर में जलाभिषेक करेंगे । कांवरियों के स्वागत सम्मान के लिए बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल की ओर से कांवरियों पर पुष्प वर्षा की गई ।हजारों की संख्या में निकल रहे कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर हर हर महादेव के नारे लगाए गए ।इसके साथ ही उनके जलपान की भी व्यवस्था की गई। तहसील परिसर गल्ला मंडी में विश्राम को पहुंचे कांवरियों को जलपान भी कराया गया। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से कांवरियों पर पुष्प की वर्षा करते हैं उन्हीं की प्रेरणा से हमने कांवरियों पर पुष्प वर्षा किया है। पुष्प वर्षा कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया, भाजपा कार्यकर्ता सुभाष दास,रामा दल मौर्या, नरेश पासवान, रामू वर्मा, निक्की जिंदल, अमित बाल्मीकि तथा नगर पंचायत सभासद हर्षित शुक्ला, शाने आलम,राजू, राजेश चौरसिया, जगदीश प्रसाद,मुक्कू, जुबेर ,शिवम वर्मा, विवेक मदेशिया, राजेश गोयल दीपू पोरवाल, दीपक मदेशिया, सुनील मदेशिया आकाश मदेशिया सहित काफी संख्या में नगरवासी भी पुष्प वर्षा करते नजर आए।

# चोरी की बाइक के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गावँ से चोरी हुई बाइक को रविवार पुलिस द्वारा दो चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की बाइक को बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर पारसनाथ यादव ने बताया कि गुरुवार को मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 एफ टी 8502 भतोइया से चौरसिया की दुकान के सामने से चोरी हो गई थी। जिस के संबंध में बाइक मालिक के द्वारा चोरी की तहरीर दी गई थीं। जिसपर मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश जारी कर दी थीं। रविवार को मुखबिर की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस टीम में उपनिरीक्षक लाल बहादुर, कांस्टेबल प्रेम नारायण, सुरेश कुमार, शीर्षपाल द्वारा कटियार कृषि फॉर्म उमरावल चौराहा से घेरा बंदी करते हुऐ दो चोरों छेदीलाल निवासी भतोइया, अमित निवासी ग्राम बिरई खेड़ा मजरा कनौरा थाना अतरौली जनपद हरदोई को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मात्र तीन दिनों में चोरी हुई बाइक को पाकर बाइक मालिक के चेहरे पर अलग ही खुशी दिखाई दी। जिसपर उसने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# पुलिस ने तीन परिवारों को बिखरने से बचाया

#### परिवार परामर्श केंद्र में की गई पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के कुशल निर्देशन में पुलिस लाइन बहराइच में परिवार परामर्श केन्द्र पर रविवार को काउंसलर फहीम किदवई, सर्वजीत सिंह, डी०पी०सिंह, अजय शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाना प्रभारी शीला यादव, उप निरीक्षक कल्पना सिंह व महिला आरक्षी निशा सिंह, महिला आरक्षी राशि शुक्ला, महिला आरक्षी विजय लक्ष्मी, महिला आरक्षी निहारिका व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया गया। महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम मे इस रविवार 03 मामलों में पति-पत्नी उनके सगे संबंधियों को बुलाया गया था। महिला थाना प्रभारी शीला यादव व टीम के अथक प्रयास से 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व उनकी साथ-साथ में विदाई करायी गयी। 03 प्रकरण में सुलह समझौता किया गया, जिन पति-पत्नी की विदाई करायी गयी उनको भी अगले रविवार को कुशलक्षेम पूछने के लिए पुनः बुलाया गया है जिससे सुलह की स्थिति से अवगत करा सके।

# बाबागंज से निकले काँवारियों पर हुई पुष्प वर्षा

#### बोलबम के जयकारे से गूंजा कस्बा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से निकले हजारों काँवारियों के जत्था का रविवार देर शाम बाबागंज पहुंचने पर वीरपुर के शिव भक्त ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें फल, मेवा, पानी व पेठा वितरित करते हुए जलपान कराया गया। इस अवसर डीजे की धुन पर थिरकते शिव भक्तों के बोलबम उदघोष से कस्बा बाबागंज गुंजायमान हो उठा। बताते चलें की गायघाट से जल लेकर निकले काँवारियां नानपारा से बाबागंज होते हुये नेपालगंज पहुंचेंगे जहां सोमवार प्रातः बागेश्वरी मंदिर स्थित खाडेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान काँवारियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा श्रीधर पाठक के नेतृत्व मे भारी पुलिस बल बराबर मौजूद रहा। इस मौके पर रूपईडीहा चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य सहित बुद्धि लाल, हर्षित जायसवाल, वीरप्रताप, नारेन्द्र साहू, कमला प्रसाद आर्य, बेनी प्रसाद वर्मा, राजेंद्र आर्य, कृष्ण मोहन वर्मा, माया देवी पाठक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मित्र वही, जो सुख-दुख में सही राह दिखाए : राजेन्द्र यादव

#### मित्रता दिवस पर सरोजनीनगर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित की गई संगोष्ठी

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। पूर्व पत्रकार व समाजसेवी राजेन्द्र यादव ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए वह अकेला जीवन-यापन नहीं कर सकता। मनुष्य सदैव अपने आस-पड़ोस के लोगों से मेल-जोल बनाने की कोशिश करता है। मित्रता अक्सर समान विचारों वाले व्यक्तियों में होती है। मित्र वही, जो सुख-दुःख में सही राह दिखाये। राजेन्द्र यादव रविवार को प्रेस क्लब सरोजनीनगर द्वारा मित्रता दिवस एवं क्लब के सह सचिव मिथलेश कुमार के जन्मदिन पर आयोजित एक संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राज किशोर पासी ने कहा कि जीवन को आनंदमय बनाने के लिए अनेक सुविधाओं और सुख-साधनों की आवश्यकता होती है। लेकिन सिर्फ एक साधन यानि मित्रता प्राप्त हो जाए तो सभी साधन अपने आप ही एकत्र हो जाते हैं। उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय ने कहा कि यह भी सच है कि एक सच्चा मित्र मिलना बड़े सौभाग्य की बात होती है। जबकि उपाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि वास्तव में मित्रता एक ऐसी भावना है जो दो मित्रों के हृदयों को जोड़ती है। महामंत्री राकेश यादव ने कहा कि सच्चा मित्र निःस्वार्थ होता है। जरूरत पड़ने पर एक मित्र सदैव अपने मित्र की सहायता करता है। सच्चा मित्र अपने मित्र को सदैव उचित और सही कार्य करने की सलाह देता है। कोषाध्यक्ष आसिफ खान ने कहा कि सच्चे मित्र को ढूंढ पाना बहुत कठिन है। मीडिया प्रभारी पवन तिवारी ने कहा कि मित्र होने का सिर्फ यह आशय नहीं है कि वे साथ रहते हों और एक जैसा काम करते हों, बल्कि यह है कि जब एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का शुभचिंतक हो। संगठनमंत्री मुकेश रावत ने कहा कि संगठन के सह सचिव मिथलेश कुमार ने कहा कि मित्र एक-दूसरे के हित की कामना करता हो तथा एक-दूसरे के सुख, उन्नति और समृद्धि के लिए प्रयत्नशील रहता है। सदस्य इन्द्रेश यादव व सुरेन्द्र यादव ने कहा कि मित्रता सिर्फ सुख में ही नहीं, बल्कि दुःख के पलों में भी ढाल बनकर आती है और मित्र की रक्षा के लिए तत्पर होती है।

# राठ में दबंगों ने अधेड़ को लाठियों से पीटा

- पुरानी रंजिश के चलते कर किया अधमरा, छीने 45 हजार रुपये, पुलिस ने पीड़ित को छुड़ाया

अमन लेखनी समाचार

राठ, राठ के टोला गांव में अपने घर के बाहर बैठे एक अधेड़ व्यक्ति को गांव के ही दबंग पिता-पुत्रों ने लाठियों से पीटकर अधमरा कर दिया। उसे घसीट कर अपने घर के अंदर भी ले गये। जिसके बाद सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को दबंगों के चंगुल से मुक्त कराया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के टोला गांव के निवासी बाबूराम पुत्र बैजनाथ ने राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के दौरान बताया कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही दबंग पिता पुत्र सहित तीन लोग उसके पास आये और पुराने विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त सभी दबंगों ने एक राय होकर लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। उसे घसीट कर अपने घर के अंदर ले गये। बताया कि वह अपने पुत्र हरीश की गिरवी रखी बाइक को छुड़वाने के लिए 45 हजार रुपए भी अपनी जेब में रखे हुए था। जिन्हें उक्त दबंगों ने मारपीट करने के दौरान छीन लिया। बताया कि सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उसे दबंगों के चंगुल से मुक्त कराया। बताया कि मारपीट करने के बाद सभी आरोपी मौके पर से फरार हो गये। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर मिलने पर घटना की जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जाति वर्ग का जागरूकता अभियान कार्यक्रम हुआ, संपन्न

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान



सरोजनी नगर, लखनऊ : आज दिनांक- 06 अगस्त 2023 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय बहुदिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, (दिव्यांगजन) द्वारा प्रायोजित और संस्था- हंस मानव जनकल्याण एवं कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान, द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति वर्ग का 1 दिवसीय जागरूकता अभियान कार्यक्रम सम्पन्न हो गया, कार्यक्रम में सैकड़ो प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने दिव्यांगता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, सौरभ कुमार खरे, निदेशक जन शिक्षण संस्थान, ने बताया कि अगर अभिभावक अपने बच्चों का बचपन से ध्यान दें, तो दिव्यांगता को रोका जा सकता है, खरे ने कहा कि मनुष्य दिव्यांग नहीं होता है, मनुष्य की सोच दिव्यांग होती है। दशरथ भारती, अस्पताल व्यवस्थापक, संयुक्त ळइ अस्पताल, ने बताया कि समाज में जो दिव्यांग व्यक्ति है, वो चाहे किसी भी जाति या धर्म के हो, हमें उनसे नफरत नहीं करनी चाहिए, बल्कि उनसे साथ हमें मिलजुल कर रहना चाहिए। इसके बाद चेन्नई से आए हुए, कार्यक्रम समन्वयक डी. स्टालिन, ने भी दिव्यांगता पर अपने विचार रखें, इस प्रकार लगातार मंजीत कुमार, अशोक कुमार, प्रधानाचार्य, पंकज कुमार, प्रबंधक/सचिव, आदि ने एक-एक करके सभी ने दिव्यांगों हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम में अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के प्रबंधक रवि प्रसाद जी, ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों और महानुभावों का आभार व्यक्त किया।


Scanned by TapScanner



बागवानी के शौकीन लोग अपने बगीचों में जरूरत के अनुसार फल, सब्जियों, औषधियों के पौधे लगाते हैं या सजावट के लिए फूलों वाले पौधे उगाते हैं। लेकिन बागवानी का शौक हमें स्वस्थ और खुशहाल रहने में भी मददगार होता है। कैसे, यह जानकर भी आप भी बागवानी शुरू कर सकते हैं।

लाइफस्टाइल / सोनम लववंशी

# स्वस्थ-खुशहाल जीवन जीना सिखाती है बागवानी

भारत में ही नहीं, दुनिया के लगभग हर देश के लोगों की आदत में बागवानी का शौक शुमार है। पर्यावरण को लेकर गंभीर लोग तो बागवानी के शौक को बहुत सकारात्मक मानते हैं। वास्तव में बागवानी सिर्फ एक शौक नहीं है। यह आपको प्रकृति के नजदीक लाता है, समर्पण भाव भी सिखाता है। क्योंकि इस शौक के साथ आप नए जीवन को जन्म देते हैं। बगीचे के हर पौधे में जीवन है, ऐसे कई जीवन को जन्म देना, उन्हें संवारना और उनके सुख-दुःख में सहभागी बनना एक अलग ही प्रकार का आनंद है। हममें से कई लोगों के पास ऐसे अनुभव हैं, जब अपने लगाए इन्हीं बगीचों में हमने खूबसूरत लम्हे जीए, फिर चाहे किसी अपने के साथ बैठकर या फोन पर लंबी बातचीत करना हो या चाय की चुस्कियां लेते शाम की खूबसूरती निहारना। ऐसे अनुभवों के लिए बगीचे से प्यारी जगह कोई और नहीं हो सकती है।





## मिलता है अनोखा आनंद

पेड़-पौधों के बीच रहना, उन्हें संवारना, उनकी बातें सुनना हर किसी के लिए आसान नहीं होता और ना व्यस्तता के बीच ये प्रायः संभव ही हो पाता है। लेकिन अगर कोई ऐसा कर पाता है, तो कुछ समय बाद ही उसे महसूस होता है कि पौधों के साथ समय बिताना उसकी दिनचर्या का जरूरी हिस्सा बन गया है। देखा जाए तो मन बहलाव के लिए बागवानी से ज्यादा बेहतर कुछ नहीं है। अपने हाथ से रोपे गए नन्हे से पौधे को बड़े होते देखना, ऐसा अनोखा आनंद होता है, जिसे शब्दों में अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता है।

## सेहत के लिए फायदेमंद

शोध के नजरिए से देखें तो बागवानी करने वाले व्यक्तियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। सिटी यूनिवर्सिटी लंदन के फूड पॉलिसी के प्रोफेसर टिम लैंग का मानना है कि नियमित रूप से पेड़-पौधे और प्राकृतिक वातावरण के संपर्क में रहने से मानसिक स्वास्थ्य में लाभ मिलता है। वर्तमान समय में अनेक तरह के मानसिक रोग, लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। मानसिक रोगों से मुक्ति के लिए बागबानी सबसे उत्तम साधन है। बागवानी स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने की कुंजी है। बागवानी करते समय हम मिट्टी के संपर्क में रहते है। मिट्टी हमारे शरीर के लिए एंटीडिप्रेशेंट दवा जैसा काम करती है। यह हमारे डिप्रेशन को ही कम नहीं करती है, साथ ही हमारी कार्यक्षमता को भी बढ़ाती है।

## पौधों की निकटता से मन होता है खुश

अपनी बगिया में बोया नन्हा बीज, हमारे मन में खुशियों के द्वार खोल देता है। बीज से फूटते अंकुर मन को मोह लेते हैं। नन्हा पौधा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अपने बगीचे में उगाई फल-फूल और सब्जियां, जो खुशी देते हैं, वो बाजार में बिक रही सब्जियों या फल को खरीदकर खाने में नहीं मिलती है।

## रोग प्रतिरोधकता में होती है बढ़ोत्तरी

पौधों की तरह हम सबको भी धूप, मिट्टी और हवा के संपर्क मंक रहने की जरूरत होती है। बागवानी हमें सारे सुख एक साथ देती है। बागवानी करते समय हमें धूप के जरिए विटामिन डी मिलता है, जो हमारी त्वचा के लिए जरूरी होता है। हमारी हड्डियों को मजबूत करके रोगों से लड़ने की ताकत देता है। शुद्ध हवा हमारे भीतर प्रवेश करती है, जिससे ऊर्जा का संचार होता है।

## रिश्तों में बढ़ती है प्यार की भावना

कई लोग बागवानी अपने परिवार के साथ भी करते हैं। इससे रिश्तों में प्यार और परिवार के सदस्यों के बीच लगाव बढ़ता है। आपका और बच्चों का संबंध भी मजबूत बनता है। बच्चे आपके साथ अपनी सारी बातें शेयर करना सीखते हैं और आप भी बच्चों को प्रकृति के साथ घुलना-मिलना सिखा सकते हैं।

## दूर करता है अकेलापन

हम प्रकृति से दूर होंगे तो जीवन नीरस बन जाएगा। हमारा जीवन रोलरकोस्टर की तरह होता है। इसके अपने उतार-चढ़ाव होते हैं। ऐसे में प्रतिकूल समय में जीवन के अकेलेपन को दूर करने के लिए एक साथी की जरूरत होती है। साथी हमेशा कोई व्यक्ति ही हो, यह जरूरी तो नहीं। यह एक नन्हा पौधा भी हो सकता है। वो भी आपके अकेलेपन का साथी बन सकता है। आप उससे अपने मन की बात कह सकते हैं, अपना मन हल्का कर सकते हैं। इससे पौधों को भी फायदा होगा, क्योंकि कुछ अध्ययन बताते हैं कि जब हम पौधों से बात करते हैं तो वो तेजी से बढ़ते हैं। *

सेल्फ मोटिवेशन / शिखर चंद जैन

# हार मानने से पहले फिर से करें विचार



कई लोगों का सेल्फ कॉन्फिडेंस बहुत वीक होता है। वे कुछ भी नया करने से झिझकते हैं, बहुत जल्दी हार मान लेते हैं या खुद को कमजोर मानते हैं। ऐसी सोच प्रगति में बाधक होती है, इसलिए इससे उबरना जरूरी है।

कई बार जीवन में ऐसे मौके आते हैं, जब हम पूरी तरह निराश हो जाते हैं, हमारे मन में आवाज उठती है, 'मेरे से नहीं होगा' या 'यह काम मेरे बस का नहीं।' जब भी आपके मन में ऐसी भावनाएं आएं तो एक बार फिर से विचार करें और इन सुझावों को अपनाएं-

**हमेशा सोचें अभी और सीखना है :** आप भी जब किसी नए प्रोजेक्ट को हाथ में लेते हैं, नया विषय या नई भाषा सीखने की कोशिश करते हैं तो कभी-कभी ऐसा लगता है कि यह काम बेहद कठिन है। उस कार्य को आगे कर पाना शायद संभव नहीं हो पाएगा। ऐसी स्थिति में आपको मन में दृढ़ विश्वास रखते हुए यह सोचना चाहिए कि मुझे आगे बढ़ने और कुछ करने के लिए ज्यादा सीखने की जरूरत है। जब अनुभव हासिल करने और सीखने की ललक और जुनून मन में पैदा हो जाएगा तो आपके मन में आई निराशा दूर हो जाएगी।

**आवश्यकतानुसार नई रणनीति बनाएं :** नया बिजनेस शुरू करने या नई जॉब में शुरू-शुरू में कई तरह की कठिनाइयां सामने आती हैं। आप कदम-कदम पर लड़खड़ाने लगते हैं या मात खाने लगते हैं। जॉब के टारगेट समय पर पूरे नहीं होते हैं या बिजनेस में अपेक्षित लाभ नहीं मिलता है। ऐसे में कई बार आप हार मानकर काम बदलने की सोचने लगते हैं। जब भी ऐसा हो, खुद को एक-दो दिन का ब्रेक दें। अच्छी तरह चिंतन करें और सारी चीजों को नए तरीके से सोचें। कुछ अनुभवी और सफल शुभचिंतकों से बात करें। फिर नई रणनीति बनाएं और पूरी लगन से उसे लागू करें।



**नया सीखने को रहें तत्पर :** कुछ लोग बहुत संकोची, डरपोक और सेफ जोन में रहने वाले होते हैं। इन्हें कोई बड़ा काम सौंपा जाए तो डर जाते हैं। उस काम को अधिक लाभ या भविष्य की तरक्की के लिए उपयोगी होने के बावजूद नकार देते हैं। इसका कारण आत्मविश्वास की कमी होता है। ऐसे लोग अपने पूरे जीवन को एक बंधी-बंधाई रूटीन में पूरा करने और सीमित दायरे में कमाई करने में ही बिता देते हैं। अगर आपके सामने भी कोई अवसर आए या कोई बड़ा काम करने का मौका मिले तो बिल्कुल मत चूकिए। इसे नया सीखने के अवसर के रूप में हाथों-हाथ स्वीकार कर लें। अवसर बार-बार दरवाजे नहीं खटखटाते हैं। ज्यादा से ज्यादा यही होगा कि आप असफल हो जाएंगे, तो भी आपको अनुभव अवश्य मिलेगा।

**गलतियों से सीखते रहें:** आत्मसंशय बहुत गलत सोच है। यह आपके पैरों में बेड़ी बांध देता है। जो लोग अपनी प्रतिभा, क्षमता और मेहनत पर भरोसा नहीं रखते हैं, वे कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आत्महीनता और कमजोर इच्छाशक्ति के कारण इन्हें डर लगता है कि कहीं मेरे से कोई गलती ना हो जाए, मुझसे बार-बार गलती होती है। आप भी ऐसी मानसिकता से गुजर रहे हैं तो ध्यान रखें, गलतियां इंसान की सबसे बड़ी गुरु होती हैं। जितना आपको गलतियां सिखाकर समझदार बना सकती हैं, उतना कोई नहीं बना सकता है। हर व्यक्ति कुछ करता है तो दो ही चीजें होती है- सही या गलत। आप कुछ करेंगे ही नहीं, तो कुछ भी नहीं होगा। इसलिए गलतियों से सीखिए लेकिन आगे बढ़ना मत छोड़िए।

**इन बातों पर भी दें ध्यान:** खुद पर भरोसा बढ़ाने के लिए आपको इन सुझावों पर भी ध्यान देना चाहिए।

- अपनी बहुत छोटी-छोटी उपलब्धियों को सेलिब्रेट करें।
- खुशी के लिए बहुत बड़े मौके का इंतजार ना करें। हर पल को एंज्वॉय करें।
- अपनी कमियों के साथ-साथ अपनी मजबूतियों का भी हिसाब-किताब रखना सीखें।
- स्थिरता जड़ता का प्रतीक है। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। बदलाव, समय, प्रकृति और इंसान सबके लिए आवश्यक है। इसलिए नई परिस्थितियों या चीजों से पलायन करने की प्रवृत्ति ना पालें।
- अपने आपसे प्यार करें। खुद को किसी से कम ना समझें। आप ईश्वर की सबसे अच्छी कृति हैं, जिसे संवार और संभालकर रखने की जिम्मेदारी स्वयं आपकी है।
- अपनी कमियों और गलतियों के लिए खुद को क्षमा करना सीखें।
- कभी-कभी नेगेटिव इमोशंस हावी होना कॉमन है और हर कोई बुरे दौर से गुजरता है, इसलिए इससे परेशान ना हों। *

रोचक

# रेस्टोरेंट में रंग-बिरंगी तैरती मछलियां!

तालाब, झील, नदी, समुद्र या एक्वेरियम में तो आपने मछलियों को तैरते हुए देखा होगा। लेकिन क्या आपने किसी रेस्टोरेंट में रंग-बिरंगी तैरती मछलियों को देखा है? अगर नहीं तो आप वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में मौजूद कुछ कैफे/रेस्टोरेंट में ऐसा अनुभव ले सकते हैं। दरअसल, यहां पर कुछ कैफे कवई फिश थीम बेस्ड हैं। इन कैफे में आप स्नैक्स और कॉफी को एंज्वॉय करते हुए अपनी सीट के अगल-बगल में बनी पानी की नालियों में रंग-बिरंगी कवई मछलियों को तैरते हुए देख सकते हैं। मछलियों को देखने के अलावा उन्हें छू सकते हैं और अपने हाथों से उन्हें चारा भी खिला सकते हैं।



कवई फिश थीम बेस्ड इन कैफे की खासियतों की बात करें तो यहां कैफे के कुछ हिस्से में सीटें जमीन के तल से कुछ नीचे कटोरानुमा आकार में बनी हैं। सीट के चारों ओर पानी की पतली नालियां बनाई गई हैं, जिनमें रंग-बिरंगी कवई मछलियां तैरती रहती हैं। इन नालियों के पानी को खुला रखा जाता है। सीटों तक कस्टमर्स और वेटर के आने-जाने के अलग से रास्ते बने हैं। एक कटोरानुमा स्पेस में पांच-छह लोग बैठ सकते हैं। हर कैफे में सीट की कैपेसिटी अलग-अलग है। कस्टमर्स सीट पर बैठे-बैठे अपने अगल-बगल मछलियों को तैरते हुए देख सकते हैं। कस्टमर्स कैफे से मछली का चारा खरीदकर अपने हाथों से खिला सकते हैं। कैफे को अट्रैक्टिव लुक देने के लिए रंग-बिरंगी थीम लाइट से सजाया गया है।

बता दें कि कवई एक जापानी मछली है। कवई मछली को जापान में निशिकिगोई के नाम से भी जाना जाता है। जानकारी के अनुसार करीब 200 साल पहले जापान के जीव वैज्ञानिकों ने क्रॉस-ब्रीडिंग से कवई मछली की प्रजाति को तैयार किया था। इसलिए कवई मछली का शरीर रंग-बिरंगा होता है। जापान में कवई मछलियों को तालाबों या बगीचों के जलाशयों में रखा जाता है। इनकी सुंदरता की वजह से दुनिया भर में कवई मछलियों की डिमांड है। *

प्रस्तुतिः देवेंद्र पांडे

अनोखा जंतु / प्रमोद भार्गव

# चूहे जैसा हिरण

प्रकृति का एक अजूबा जंतु है-चूहा हिरण यानी माउस डियर। अपने देश में पाए जाने वाले हिरणों की 12 प्रजातियों में से एक प्रजाति चूहा हिरण की भी है। इसे विश्व का सबसे छोटे आकार वाला हिरण माना जाता है। विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके चूहा हिरण में चूहा, खरगोश और हिरण के लक्षण दिखते हैं। इसकी विशेषताओं पर एक नजर-



**शारीरिक संरचनाः** इसके शरीर की लंबाई करीब 57.5 सेंटीमीटर, ऊंचाई 35 सेमी. तक और वजन तीन से सात किग्रा. तक हो सकता है। पूंछ की लंबाई करीब 2.5 सेमी. तक लंबी होती है। यह जंगल में आठ से बारह वर्ष तक जीवित रह सकता है। यह शक्ल-सूरत में खरगोश की तरह दिखता है, लेकिन इसका मुंह एकदम चूहे के मुंह से मिलता-जुलता होता है। इसकी त्वचा गहरा हरापन लिए हुए भूरी-सी होती है। इससे इसे हरियाली के बीच छिपने में मदद मिलती है। अन्य हिरण प्रजातियों की तरह इसकी सूंघने और सुनने की शक्ति तेज होती है। इसकी त्वचा पर पेट के दोनों तरफ दो-दो चकत्तों में सफेद धारियां होती हैं। यही धारियां इसकी खास पहचान हैं। इसका मुंह कुछ लंबा और कान छोटे होते हैं। इसके सिर पर सींग नहीं पाए जाते हैं। इसके मुंह के ऊपरी जबड़े में दो केनाइन दांत होते हैं। ये दांत कस्तूरी मृग में भी पाए जाते हैं। इन्हीं दांतों की सहायता से यह आहार को चीरता और चबाता है। इसके पैर गोल होने के साथ खुरों से युक्त होते हैं। खुर दो हिस्सों में विभाजित रहते हैं। बिना सींगों वाले हिरणों की यह एकमात्र प्रजाति है। चूहा हिरण की रफ्तार खरगोश से भी तेज होती है। अन्य हिरणों की भांति यह कुलांचे भरने में भी निपुण होता है।

**निवास स्थानः** इसका निवास विशेष रूप से घनी झाड़ियों और नमी वाले वनक्षेत्र होते हैं। यह अधिकतर ज्यादा वर्षा वाले क्षेत्रों में पाया जाता है। भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत अन्य दक्षिण एशियाई और पूर्व एशियाई देशों के उष्णकटिबंधीय नमी वाले क्षेत्रों में पाया जाता है।

**भोजनः** यह एक शाकाहारी प्राणी है और हिरण की अन्य प्रजातियों की तरह घास और फूल-पत्तियां ही खाता है।

**प्रजननकालः** मादा हिरण का प्रजनन काल पूरे साल चलता है। मादा साल में दो बार बच्चे को जन्म देती है। आमतौर से एक बार में एक ही बच्चा पैदा करती है, लेकिन अपवादस्वरूप दो बच्चे भी दे सकती है। नवजात बच्चे पैदा होने के 24 घंटे बाद ही चलने-फिरने और दौड़ने लगते हैं।

**शर्मीला स्वभावः** शोरगुल और मानवीय हलचल से दूर रहने का अभ्यस्त यह हिरण एकांत में रहना पसंद करता है। मनुष्य का हस्तक्षेप भले ही वह इसके संरक्षण के लिए ही क्यों न हो, इसके प्रजनन पर प्रतिकूल असर डालता है। इसीलिए चिड़ियाघरों में यह हिरण ज्यादा दिनों तक जिंदा नहीं रह पाता है। लिहाजा अब इसे चिड़ियाघरों में पालना बंद कर दिया गया है। सुखद है कि इस प्रजाति के सदस्य को कुछ माह पहले अपने देश के छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में देखा गया था। *



हिंदी सिनेमा को जिन अभिनेत्रियों ने समृद्ध किया है, उनमें वहीदा रहमान भी हैं। उन्होंने कई यादगार भूमिकाएं निभाईं। अपने दौर में वह श्रेष्ठ अभिनेत्रियों में गिनी जाती थीं। वहीदा रहमान ने **पूजा सामंत** से अपने जीवन से जुड़ी बहुत सी बातें साझा की हैं, पेश है ये बातें उन्हीं की जुबानी।

# मैंने अब तक जो जिंदगी जी उससे बहुत खुश हूं

अपनी जुबानी / वहीदा रहमान

वहीदा रहमान अपने दौर की जानी-मानी अभिनेत्री थीं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत तेलुगू फिल्मों से की। बाद में गुरुदत्त उन्हें हिंदी फिल्मों में ले आए। गुरुदत्त प्रोड्यूस्ड 'सीआईडी' उनकी पहली हिंदी फिल्म थी। वहीदा की प्रमुख हिंदी फिल्में हैं- 'गाइड', 'प्यासा', 'चौदहवीं का चांद', 'कागज के फूल','साहब बीवी और गुलाम' और 'तीसरी कसम'। वहीदा फिल्म जगत के प्रतिष्ठित फिल्मफेयर पुरस्कार के अलावा नेशनल अवार्ड से भी सम्मानित हो चुकी हैं। वह फिल्मफेयर लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, एनटीआर पुरस्कार और भारतीय फिल्म हस्ती का शताब्दी पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी हैं। वहीदा पद्मश्री और पद्मभूषण से भी सम्मानित हो चुकी हैं। पिछले दिनों उनसे एक अंतरंग बातचीत हुई, पेश है वहीदा रहमान की बातें, उन्हीं की जुबानी-

**ऐसे आ गई फिल्मों में :** मेरा जन्म तमिलनाडु स्थित, चिंगुलपेट में 3 फरवरी 1938 को हुआ था। मेरी मां का नाम मुमताज बेगम था, पिता का नाम मोहम्मद अब्दुर रेहमान था, जो आईएएस ऑफिसर थे। हम कुल चार बहनें-जाहिदा, सईदा, शाहिदा और मैं वहीदा थे। हम सभी पढ़ाई में अच्छे थे, लेकिन मैं पढ़ाई में ज्यादा तेज थी। मेरी डॉक्टर बनने की इच्छा थी। साउथ कल्चर के अनुसार हम सभी बहनों को भरतनाट्यम सिखाया गया। जब अब्बा का ट्रांसफर विशाखापट्टनम में हुआ, हम सभी यहीं आकर बस गए। जब मैं क्लास एर्थ में थी, हमारी जिंदगी में ऐसी उथल-पुथल मची, जिसके बारे में हमने कभी सोचा नहीं था। अब्बा का हार्ट अटैक से देहांत हो गया। उसके बाद मां अकसर बीमार रहने लगीं। घर में पैसों की तंगी हो गई। एक कल्चरल प्रोग्राम में मुझे क्लासिकल डांस करते देखकर साउथ की तेलुगु फिल्म 'रोजलु मर्यायी' का ऑफर मुझे मिला। इस फिल्म की सफलता से मुझे ऐसा लगा, मैं अपनी मां की बीमारी का इलाज करवा सकती हूं। बस मैंने डॉक्टर बनने का खयाल छोड़ दिया, एक्टिंग में आ गई।



फिल्म 'कागज के फूल' में गुरुदत के साथ वहीदा रहमान

**गुरुदत्त मुझे लाए हिंदी फिल्मों में :** एक पार्टी में बंबई के उभरते प्रोड्यूसर गुरुदत्त से मेरा परिचय कराया गया। गुरुदत्त ने मुझे बंबई आने का न्योता दिया। मैंने उनसे कहा, 'मैं अपनी अम्मी के बगैर कहीं नहीं जाती।' तो गुरुदत्त ने कहा, 'आपको आपकी अम्मी के साथ ही आने का न्योता दे रहा हूं।' कुछ दिनों बाद मैं अपनी अम्मी के साथ चेन्नई से बंबई आई। 1955 के दौर में भी बंबई की भीड़, गाड़ियों की शोरगुल सुनकर मैंने अम्मी से कहा, 'इस शहर में तो बड़ा शोरगुल है, कैसे रह पाएंगे हम यहां?' लेकिन बाद में मेरा मन बंबई में रम गया।



फिल्म 'गाइड' में देव आनंद-वहीदा रहमान

**इसलिए एक्सेप्ट किया वैंप का रोल :** 1956 में बनी फिल्म 'सीआईडी' के लिए गुरुदत्त ने मुझे अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म के निर्देशक राज खोसला से मिलाया। देव आनंद के अपोजिट शकीला का पेयर तय हो चुका था। राज खोसला जी ने मुझे कामिनी के किरदार के बारे में समझाया। यह वैंप का किरदार था, मुझे किरदार चैलेंजिंग लगा, मैंने स्वीकार कर लिया। लेकिन आगे चलकर जब यह फिल्म काफी सफल हुई तो लोगों ने मुझसे कहा, 'अपनी डेब्यू फिल्म में तुम्हें नेगेटिव रोल नहीं निभाना चाहिए था। मुझे उस समय हिंदी का बहुत अच्छा ज्ञान नहीं था। हिंदी फिल्मों के तौर-तरीके, यहां किस टाइप की फिल्में बनती हैं। मुझे अपने रोल कैसे करने चाहिए, कुछ नॉलेज नहीं थी। लेकिन हां, यह मलाल नहीं था कि मैंने वैंप का रोल क्यों किया?

**फिल्म 'गाइड' के लिए मना कर दिया था :** निर्देशक राज खोसला से फिल्म 'सोलहवां साल' के समय मेरे मतभेद हो गए थे, इससे मेरे मन में उनके प्रति खटास थी। जब फिल्म 'गाइड' का प्रोजेक्ट बना, मुझे देव साहब ने यह फिल्म ऑफर की। तब इसके निर्देशक राज खोसला थे। मैंने देव को इस फिल्म के लिए मना कर दिया। देव ने समझाया, 'फिल्मों के सेट पर कभी-कभी ऐसी क्रिएटिव आर्ग्यूमेंट्स होते रहते हैं, उसे भूल जाना चाहिए। लेकिन मैं उन्हें 'गाइड' के लिए मना करती रही। आगे चलकर खोसला फिल्म से जब दूर हुए, चेतन आनंद ने फिल्म की बागडोर संभाली। फिर उनके डेट्स किसी और फिल्म प्रोजेक्ट से क्लैश हुए तब विजय आनंद का फिल्म 'गाइड' को निर्देशित करना तय हुआ। तब मैंने भी 'गाइड' का रोजी का रोल खुशी-खुशी एक्सेप्ट कर लिया। आज भी यह फिल्म और यह किरदार मेरे दिल के काफी करीब है।

**मेरी जिंदगी मेरा परिवार :** एक्टर और उद्योगपति कमल जीत से मेरी शादी 1974 में हुई। 2000 में कमल जीत का देहांत हो गया। इसके बाद मैं फिल्मों से दूर हो गई। बाद में कुछ फिल्में कीं। लेकिन अब फिल्में नहीं कर रही हूं। मैंने अब तक जो जिंदगी जी, उससे बहुत खुश हूं। अब मेरी जिंदगी मेरा परिवार है। मेरी बेटी काशवी (रेखी) ने शादी नहीं की है। अपनी पढ़ाई के बाद काशवी स्क्रिप्ट राइटिंग करती है। काशवी मेरे साथ रहती है। मेरा बेटा सोहेल रेखी विदेश में रहता है। मेरी बहू और बेटा मुंबई अकसर आते रहते हैं। मेरे बच्चों का साथ मुझे बहुत प्यारा लगता है। मैं सुबह जल्दी उठ जाती हूं। सुबह 7 से 9 बजे तक गार्डनिंग करती हूं। पंद्रह मिनट योगा, प्राणायाम करती हूं। अखबार पढ़ना, टीवी पर न्यूज देखना, कभी मूड हो तो किचेन में जाकर कोई डिश भी बना लेती हूं। अब एक्टिंग करने का कोई इरादा नहीं है। मैं नई जनरेशन के एक्टर्स की एक्टिंग को देखना पसंद करती हूं। *

Scanned by TapScanner